खबरों में अपडेट बने रहने के लिए स्कैन करें

the टेलीस्कोप टाइम्स

अंक 02 ■ वर्ष 01
02 अक्तूबर 2024

telescopetimes.com

न्यूज फोटोज व खबरें व्हाट्स ऐप पर भेजें +91-9872477844

SD PHULLARWAN गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने मनाया सुस्वर झंकार

YouTube पर समारोह की झलकियां देखने के लिए स्कैन करें QR Code

Subscribe and Share

GGD SD मॉडल स्कूल के बच्चों ने भी लिया भाग, गायन और डांस के मुकाबले हुए, बच्चों ने अपनी प्रतिभा से समां बांधा

समागम में गायन और डांस प्रतियोंगिता के जजो को सम्मानित करते प्रिंसिपल और अन्य मेहमान।

जालंधर

SD PHULLARWAN गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने संस्थान के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक मनाने शुरू किये। आज पहले दिन 'सुस्वर झंकार' के तहत गायन और नृत्य (सिंगिंग/डांसिंग) के अन्तर स्कूल मुकाबले करवाए गए।

इसमें मुख्य मेहमान जिला शिक्षा अधिकारी हरजिंदर कौर थे। इसके अलावा विशेष मेहमान सूरज कलेर डिसट्रिक्ट मैनेजर एम्प्लॉमेंट जेनेरशन, स्किल और ट्रेनिंग डेवलपमेंट जालंधर थे। डॉ रमनदीप कौर जो कृषि विभाग जालंधर में डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर हैं, भी विशेष रूप से पधारे। इसके अलावा स्कूल के बहुत से पुराने स्टूडेंट्स ज्योति शर्मा (पंजाब पुलिस), निधि खोसला भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

जिन माननीय लोगों को जज बनाया गया था उनमें से भी ज्यादातर स्कूल के ओल्ड स्टूडेंट्स थे। किरण वर्मा, श्रीमती महिंद्रू, निधि खोसला, शर्मिला जी, सहाय जी आदि। बच्चों की परफॉर्मेंस से पता चल रहा था कि उनकी तैयारी कई दिनों से चल रही थी। समारोह के अंत में भंगड़ा डाला गया जिसने समां बाँध दिया।

इससे पहले बच्चों को पुरस्कार दिए गए। दोआबा खालसा मॉडल स्कूल, देवी सहाय एस डी स्कूल, APJ रामामंडी, जालंधर पब्लिक स्कूल ,सेठ हुक्म चंद एस डी स्कूल, पायनियर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल,बीएसएफ स्कूल, मानव सहयोग स्कूल और सर्वहितकारी स्कूल के बच्चों ने इवेंट्स में भाग लिया। प्रिंसिपल अमर ज्योति शर्मा ने इन सभी स्कूलों का भाग लेने के लिए धन्यवाद किया।

जिला शिक्षा अधिकारी हरजिंदर कौर ने बच्चों से कहा कि ऐसे इवेंट्स जिंदगी में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इनसे आपके अंदर छिपी प्रतिभा भी बाहर आती है जिससे जिंदगी की दशा और दिशा चुनने में आसानी रहती है।

अध्यापिका निधि खोसला अपने स्कूल के विजयी बच्चों के साथ।

पेड़ बचाओ का संदेश देने वाली बच्ची को सम्मानित करते प्रिंसिपल और अन्य अध्यापक।

समारोह में कृषि विभाग, स्किल ट्रेनिंग और जिला शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

SD PHULLARWAN गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल समारोह की अन्य झलकियां...

किरण वर्मा और अन्य जज।

निधि खोसला और श्रीमति महेंद्रू।

निधि खोसला ट्राफी के साथ।

गेट पर ही रजिस्ट्रेशन डेस्क बनाया गया था। NCCके बच्चे रिया शर्मा, गुरमनप्रीत कौर, रिया और ख़ुशी यादव ने हर गेस्ट को रिसीव किया और समारोह स्थल तक पहुँचाया।